turbances has since been completed ;

(b) whether Government have received the report of the inquiry ;

(c) if so, the findings of report ; and

(d) whether Government will lay on the Table of the House a copy of the report ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI RAM NIWAS MIRDHA) : (a) No, Sir. The Inquiry is still in progress.

(b) to (d). Do not arise.

**प्रोफेसर सुब्रह्मण्यम स्वामी का "फुल एम्पलायमेंट" शीर्षक वाला स्टडी पेपर**

2968. **श्री राम सिंह अयरवाल :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान प्रोफेसर सुब्रह्मण्यम स्वामी के फुल एम्पलायमेंट सम्बन्धी स्टडी पेपर की ओर दिलाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसमें क्या मुख्य सिफारिशें की गई हैं ; उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और उस पर क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**प्रधान मंत्री, अणु शक्ति मंत्री, गृह-कार्य मंत्री और योजना मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) और (ख). एक विवरण सभा पटल पर प्रस्तुत है ।

अध्ययन पत्र में दिया गया सुझाव यह है कि 1980 तक पूर्ण रोजगार के लक्ष्य को योजना में सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिये जिसके लिये योजनाओं में प्रतिवर्ष दस प्रतिशत की दर से वृद्धि का लक्ष्य होना चाहिए । 29000 करोड़ रुपये के निवेश की एक स्वदेशी योजना का सुझाव दिया गया है, जिसमें लघु सिंचाई, ग्राम निर्माण कार्यक्रम, लघु उद्योगों तथा अणु आयुधों पर बल दिया जाय । बिना किसी विदेशी सहायता के ऐसे बड़े परिमाण की योजना के लिए वित्त व्यवस्था करने में जिन साधनों की आवश्यकता पड़ेगी, उनकी वृद्धि करने के लिए आयात कर, कृषि आयकर, उपभोग कर में वृद्धि, सरकारी खर्चे में कमी, कर वसूली में दक्षता इत्यदि कितने ही उपाय सुझाये गये हैं ।

पूर्ण रोजगार प्राप्ति के लिये जो अधिक वृद्धि की दरें सुझायी गई हैं वे निश्चय ही वांछनीय हैं, परन्तु विकास की रूपरेखा सम्भावनाओं तथा दबावों के यथार्थवादी मूल्यांकन पर आधारित होनी चाहिये, इसी का प्रयास चतुर्थ पंचवर्षीय योजना (1969-74) में किया गया है ।

**बरहानपुर, उज्जैन तथा जबलपुर में सहकारी रुई मिलें**

2969. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **वैदेशिक व्यापार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने बरहानपुर, उज्जैन तथा जबलपुर में सहकारी रुई मिलें खोलने के एक प्रस्ताव पर विचार किया था ;

(ख) क्या मध्य प्रदेश सरकार का विचार अब केवल बरहानपुर में ही एक रुई मिल स्थापित करने का है तथा उसने अन्य दो स्थानों पर ऐसी मिलें स्थापित करने का प्रस्ताव त्याग दिया है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**वैदेशिक व्यापार मंत्रालय में उपमंत्री (चौधरी राम सेवक)** : (क) से (ग). 1963 में, मध्य प्रदेश की राज्य सरकार ने, बरहानपुर में सहकारी रुई कताई मिल खोलने के